PLANET NEWS INDIA
Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ


भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, बुधवार 12 अगस्त 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## PM Modi: 'देश का भविष्य ही नहीं, वर्तमान की सबसे बड़ी शक्ति', अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर पीएम मोदी का संदेश

**नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को भारत की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए उनके योगदान और सामर्थ्य की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि आज का युवा केवल देश के भविष्य की उम्मीद नहीं है, बल्कि वर्तमान में भी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर युवाओं के लिए एक प्रेरक संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा कि भारतीय युवाओं ने अपनी संवेदनशीलता, सेवाभाव और सामर्थ्य के जरिए देश ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में अपनी अलग पहचान बनाई है। पीएम मोदी ने अपने संदेश के साथ संस्कृत का एक सुभाषित भी साझा किया। इसका भावार्थ है कि जो व्यक्ति अपनी दृष्टि, विचार, वाणी और कर्मों के माध्यम से लोगों का दिल जीत लेता है, वह समाज में विश्वास, सम्मान और सद्भाव का पात्र बनता है। प्रधानमंत्री का यह संदेश युवाओं की जिम्मेदारी और उनके व्यक्तित्व निर्माण पर भी जोर देता है। उन्होंने संकेत दिया कि युवाओं की सोच, व्यवहार और कर्म समाज तथा देश की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं।**




पीएम मोदी के लगातार साझा किए जा रहे इन सुभाषितों में युवाओं और समाज के लिए सकारात्मक सोच, अनुशासन, सेवा, सदाचार और परोपकार जैसे मूल्यों पर जोर दिया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर उनका संदेश भी युवाओं को अपनी क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण और समाज के हित में करने की प्रेरणा देता है।

**पीएम मोदी ने बताए मनुष्य को बेहतर बनाने वाले गुण**

इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने एक अन्य संस्कृत श्लोक साझा करते हुए बताया था कि मनुष्य के जीवन को प्रकाशमान बनाने में बुद्धि, सदाचार, संयम, ज्ञान, पराक्रम, अच्छी वाणी, दान और कृतज्ञता जैसे गुण महत्वपूर्ण हैं। पीएम मोदी के अनुसार बुद्धि व्यक्ति को सही दिशा दिखाती है, सदाचार उसके आचरण को बेहतर बनाता है और संयम जीवन में अनुशासन लाता है। वहीं ज्ञान विवेक प्रदान करता है और पराक्रम मुश्किल परिस्थितियों में मजबूती से खड़े रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने यह भी बताया कि अपनी क्षमता के अनुसार दूसरों की मदद करना और मिले उपकारों के प्रति कृतज्ञ रहना व्यक्ति के व्यक्तित्व को पूर्णता प्रदान करता है।

**युवाओं के लिए परोपकार का संदेश**

प्रधानमंत्री ने इससे पहले 7 अगस्त को भी एक संस्कृत सुभाषित साझा किया था। इसमें महान और उदार व्यक्तियों के स्वभाव का उल्लेख करते हुए बताया गया था कि जिस तरह चंद्रमा बिना किसी स्वार्थ के अपनी किरणों से कमलिनी को प्रकाशित करता है, उसी तरह सज्जन व्यक्ति भी बिना किसी अपेक्षा के दूसरों का हित करते हैं।

## 'देश को चुकानी पड़ रही कीमत': US में अदाणी के खिलाफ केस बंद होने पर राहुल गांधी का PM पर हमला; क्या-क्या कहा?

अदाणी मामले में अमेरिकी अदालत के फैसले के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी को भारत के हित बेचने के लिए मजबूर किया गया और देश को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। जानें क्या है पूरा मामला और अमेरिकी अदालत ने कौन से आरोप खारिज किए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। यह हमला अमेरिकी संघीय अदालत की ओर से अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी के खिलाफ आपराधिक आरोपों को स्थायी रूप से खारिज किए जाने के बाद किया गया।

**राहुल गांधी ने क्या आरोप लगाए?**

राहुल गांधी ने कहा कि इस मामले में जितना दिख रहा है, उससे कहीं ज्यादा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक 'समझौता कर चुके प्रधानमंत्री' को भारत के हित बेचने के लिए मजबूर किया गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने यह भी दावा किया कि भारत को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर अमेरिकी अदालत के उस फैसले से जुड़ी एक मीडिया रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा किया। रिपोर्ट में बताया गया था कि अमेरिकी न्याय विभाग के गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी के खिलाफ आरोप खारिज करने के अनुरोध को अदालत ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा, इसमें जितना दिख रहा है, उससे कहीं ज्यादा है। पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा, 'एक समझौता कर चुके प्रधानमंत्री को भारत के हित बेचने के लिए मजबूर किया गया। भारत इसकी बहुत बड़ी कीमत चुका रहा है।' अमेरिकी संघीय अदालत के जज ने हाल ही में गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी के खिलाफ आपराधिक आरोपों को स्थायी रूप से रद्द कर दिया है। इससे बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र तक काम करने वाले अदाणी समूह पर करीब दो साल से बना कानूनी दबाव खत्म हो गया। न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के जज निकोलस गाराउफिस ने अमेरिकी न्याय विभाग के आरोप रद्द करने के अनुरोध को मंजूरी दी।




**अमेरिकी अदालत ने कौन से आरोप खारिज किए?**

10 अगस्त को जज गाराउफिस ने 47 पन्नों का आदेश जारी किया। इसमें उन्होंने अमेरिकी न्याय विभाग के आरोप खारिज करने के अनुरोध को मंजूरी दी। यह मांग गौतम अदाणी, सागर अदाणी और अदाणी ग्रीन एनर्जी के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विनीत जैन से जुड़े मामले में की गई थी। इनके खिलाफ तीन आरोप खारिज किए गए। इनमें प्रतिभूति धोखाधड़ी की साजिश, वायर धोखाधड़ी की साजिश और प्रतिभूति धोखाधड़ी के आरोप भी शामिल थे। इन आरोपों को स्थायी रूप से खारिज किया गया है। यानी इन्हीं आरोपों को दोबारा दर्ज नहीं किया जा सकता।

**कौन से आरोप अभी बाकी हैं?**

जज गाराउफिस ने मामले में दो आरोपों पर अभी फैसला नहीं दिया है। पहली धारा में विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम के उल्लंघन का आरोप है। पांचवीं धारा में न्याय में बाधा डालने की साजिश का आरोप है। ये दोनों आरोप भारत में रहने वाले पांच सह-आरोपियों से जुड़े हैं। ये आरोपी अब तक अदालत में पेश नहीं हुए हैं। इनमें रंजीत गुप्ता, सिरिल कैबनेस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा और रूपेश अग्रवाल शामिल हैं। अमेरिकी न्याय विभाग को अदालत की शर्तें पूरी करने के लिए 31 अगस्त तक का समय दिया गया है। वहीं, अदालत में पेश नहीं हुए आरोपियों के वकीलों को भी इसी तारीख तक पुष्टि करनी होगी कि उनके मुवक्किल आरोप खारिज किए जाने पर सहमत हैं।

**क्या अदालत ने अदाणी को आरोपों से बरी किया है?**

जज ने साफ किया कि आरोप खारिज करना अभियोजन पक्ष के विवेक का इस्तेमाल करने का फैसला है। यह आरोपों पर अदालत का फैसला नहीं है। गाराउफिस ने अपने आदेश में लिखा कि किसी को भी इस फैसले को सरकार के फैसले से अदालत की सहमति या आरोपों की सच्चाई पर अदालत की राय नहीं समझना चाहिए।

## अलीगढ़ में प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ की जिला कार्यकारिणी गठित, डॉक्टरों को मिली नई जिम्मेदारियां

अलीगढ़। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ, उत्तर प्रदेश की शाखा जनपद अलीगढ़ की जिला स्तरीय कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। निर्धारित चुनाव प्रक्रिया के बाद कार्यकारिणी के अधिकांश पदों पर पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है। जारी पत्र के अनुसार **5 अगस्त 2026 से 6 अगस्त 2026** तक नामांकन दाखिल किए गए। **7 अगस्त 2026** को नामांकन वापस लेने की अनुमति दी गई, जबकि **8 अगस्त 2026** को नामांकन पत्रों की जांच की गई। इसके बाद **10 अगस्त 2026** को सदस्यों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

नई जिला कार्यकारिणी में **डॉ. कुलदीप राजपूत** (13189) को अध्यक्ष चुना गया है। वहीं **डॉ. ब्रजेश कुमार** (14523) को सचिव की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अलावा **डॉ. मनोज चतुर्वेदी** और **डॉ. प्रवेंद्र चौधरी** (14183) को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उपाध्यक्ष (महिला) का पद रिक्त रखा गया है। कार्यकारिणी में **डॉ. अंकित सिंह** (16463) को वित्त सचिव, **डॉ. राहुल सिंह** (16453) को सम्पादक तथा **डॉ. रोहित भाटी** (16046) को सदस्य केंद्रीय कार्यकारिणी निर्वाचित किया गया है। पत्र में बताया गया है कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत सभी संबंधित पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी की गई।



कार्यकारिणी के गठन के बाद संघ की जिला इकाई को नई टीम मिल गई है, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी अब नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के पास होगी। वहीं, जारी पत्र के अनुसार 10 अगस्त 2026 को संघ की ओर से जनरल सेक्रेटरी पीएमएस एसोसिएशन के खाते में बिल्डिंग फंड के लिए ₹3,500 की धनराशि जमा किए जाने का भी उल्लेख है। कार्यकारिणी गठन से संबंधित पत्र की प्रतिलिपि मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जनपद अलीगढ़ को भी सूचनार्थ प्रेषित की गई है।

## Aligarh News: बीएएलएलबी और एलएलबी के फेल छात्र नहीं होंगे पास



राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीयू) में बीएएलएलबी और एलएलबी के विभिन्न सेमेस्टर में फेल छात्रों को राहत नहीं मिलेगी। इससे पहले उन्हें मौके दिए जा चुके हैं। सोमवार को फेल छात्रों ने विवि परिसर में खूब हंगामा काटा था। कर्मचारियों को बंधक बना लिया था। वहीं, विवि प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विश्वविद्यालय की प्रवेश नियमावली से हटकर कोई अतिरिक्त राहत नहीं दी जाएगी। फेल छात्रों ने प्रोन्नत करने के लिए कई बार प्रदर्शन किया है। छात्रों के लगातार फेल होने के मामले को गंभीरता से लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। समिति में प्रो. केडी वर्मा, प्रो. हरीश शर्मा और प्रो. शुभनेश गोयल शामिल थे। समिति ने पूरे मामले की समीक्षा करने के बाद अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंप दी। समिति ने रिपोर्ट में साफ कहा है कि विश्वविद्यालय में प्रवेश एवं परीक्षा से संबंधित जो नियमावली प्रभावी है, उसी का अनुपालन किया जाएगा। फेल छात्रों को पहले ही प्रोन्नत का अवसर दिया जा चुका है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि जांच समिति की संस्तुति और विश्वविद्यालय प्रवेश नियमावली के आधार पर ही आगे की कार्रवाई करेगा।

## Aligarh News: उधार के रुपये मांगने पर घर के बाहर टहल रहे दर्जी को मारी गोली

क्वार्सी थाना क्षेत्र के रजा नगर इलाके में सोमवार की देर रात पुरानी रंजिश को लेकर एक बड़ी वारदात सामने आई है। आरोप है कि पैसे के लेन-देन के विवाद में पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर घर के बाहर टहल रहे एक युवक पर तमंचे से फायरिंग कर दी, जिससे वह घायल हो गया। हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के अनुसार रजा नगर निवासी गुलफाम पेशे से दर्जी है। उसके पड़ोसी अनवर ने कुछ समय पहले उससे 50,050 रुपये उधार लिए थे, जिन्हें वह तय समय पर लौटा नहीं रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच अनबन और रंजिश चल रही थी। सोमवार की रात जब गुलफाम अपने घर के बाहर टहल रहा था, तभी आरोपी अनवर अपने दो अन्य साथियों पुन्ना और साकिर के साथ बाइक पर वहां पहुंचा। आरोप है कि मामूली कहासुनी और गाली-गलौज के बाद आरोपियों ने तमंचे से फायर झोंक दिया। गोली सीधे गुलफाम की कमर में जा लगी। गोली चलने की आवाज सुनकर लोगों को आता देख हमलावर अपनी बाइक समेत मौके से भाग निकले। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से घायल गुलफाम को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी अनवर और उसके दोनों साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



## अलीगढ़ AMU के इंदिरा गांधी हॉल में छात्रा की मौत, कुलपति ने देर रात मौके पर पहुंचकर ली जानकारी



अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (AMU) के इंदिरा गांधी हॉल में रहने वाली द्वितीय वर्ष की छात्रा इरतीका समीअर की मौत से विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। छात्रा आईजी हॉल के कमरा नंबर-19 में रहती थीं और मूल रूप से पश्चिम बंगाल की बताई जा रही हैं। घटना की जानकारी सामने आने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई। जानकारी के अनुसार, घटना की सूचना मिलने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन में भी हलचल मच गई। मंगलवार रात करीब 3:30 बजे एएमयू कुलपति प्रो. नईमा खातून मौके पर पहुंचीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और मामले को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। घटना के बाद छात्रा के परिजनों को सूचना दी गई है। फिलहाल विश्वविद्यालय प्रशासन उनके आने का इंतजार कर रहा है। परिजनों के पहुंचने के बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पुलिस की मौजूदगी में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट होगी मौत की वजह**

फिलहाल छात्रा की मौत के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही छात्रा की मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी।

**छात्रा की अचानक मौत की खबर से एएमयू के इंदिरा गांधी हॉल सहित विश्वविद्यालय परिसर में शोक का माहौल है। साथी छात्राओं और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों में भी घटना को लेकर चिंता बनी हुई है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत से जुड़े कारणों को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।**

# UP: 'शराब पीते हैं, मांसाहारी हैं, जनेऊ पहनते हैं?

## राम मंदिर CEO पद के इंटरव्यू में आवेदकों से पूछे ये सवाल




अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के चयन की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। पहले दिन 10 पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों का साक्षात्कार लिया गया। इनमें तीन पूर्व आईएएस, एक सेवानिवृत्त आईपीएस तथा सैन्य और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े चार अधिकारी शामिल हुए। इंटरव्यू बुधवार को भी जारी रहेगा।श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले पूर्णकालिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) पद के लिए मंगलवार, 11 अगस्त को इंटरव्यू शुरू हुए। पहले दिन तीन पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा (IAS) अधिकारी, एक पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (IPS) अधिकारी और चार पूर्व सैन्य अधिकारी शामिल हुए। उम्मीदवारों से उनके धार्मिक रीति-रिवाजों और राम मंदिर के लिए उनके दृष्टिकोण पर सवाल पूछे गए। यह नियुक्ति राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित हेराफेरी के बाद ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन की जांच के मद्देनजर की जा रही है।सूत्रों के अनुसार, इंटरव्यू 40 से 50 मिनट तक चले। इनमें भगवान राम और हिंदू धार्मिक रीति-रिवाजों में उम्मीदवारों की आस्था पर प्रश्न पूछे गए। उम्मीदवारों से पूछा गया कि क्या वे चोटी रखते हैं, जनेऊ पहनते हैं और पूरी तरह शाकाहारी हैं या मांसाहारी। यह भी पूछा गया कि क्या वे शराब पीते हैं और क्या वे "कट्टर हिंदू" हैं या सिर्फ आस्था रखने वाले। हिंदू धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार कपड़े पहनने के बारे में भी सवाल किए गए। उनकी नेतृत्व क्षमता, धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी पर भी चर्चा हुई।

**जौनपुर के पूर्व जिलाधिकारी भी शामिल**

शॉर्टलिस्ट किए गए सभी 18 उम्मीदवार सोमवार रात अयोध्या पहुंचे थे। ट्रस्ट के निर्देशानुसार वे मंदिर शहर में अलग-अलग स्थानों पर रुके। मंगलवार को इंटरव्यू देने वालों में पूर्व IPS अधिकारी राजेश पांडेय और जौनपुर के पूर्व जिलाधिकारी दिनेश चंद्र शामिल थे।

**पहले दिन आठ उम्मीदवारों का इंटरव्यू**

राम मंदिर के लिए उनके दृष्टिकोण और कार्य योजना के बारे में भी जानकारी ली गई। कुल 5,200 आवेदकों में से 18 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया था। पहले दिन केवल आठ उम्मीदवारों का इंटरव्यू हुआ। इंटरव्यू प्रक्रिया अब चार और दिन चलने की उम्मीद है, जबकि पहले इसे दो दिन का तय किया गया था।

**अयोध्या के पूर्व डीएम समेत कई अधिकारी शामिल**

अयोध्या के पूर्व डीएम योगेश्वर राम मिश्रा और समीर पांड्या भी इस दौड़ में हैं। उम्मीदवारों को पूरे मंदिर परिसर का दौरा कराने के बाद इंटरव्यू 'ग्रीन हाउस' में बंद दरवाजों के पीछे हुए। उन्हें मीडिया से बात न करने का निर्देश दिया गया है।

**18 आवेदकों में से तीन नामों का होगा चयन**

स्क्रीनिंग के लिए तीन सदस्यों वाली चयन समिति सोमवार रात अयोध्या पहुंची। इस समिति में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज प्रमोद कोहली, लेफ्टिनेंट जनरल विष्णुकांत चतुर्वेदी (रिटायर्ड) और सुरेश हवारे शामिल हैं। समिति 18 आवेदकों में से तीन नामों का चयन करेगी। इन तीन नामों पर ट्रस्ट अंतिम फैसला लेगा। 18 उम्मीदवारों में दक्षिण भारत के मंदिरों के पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हैं। इंटरव्यू के बाद उम्मीदवारों को नई दिल्ली के लिए उड़ान पकड़ने के लिए अयोध्या हवाई अड्डे वापस ले जाया जाएगा।

**वित्तीय अनियमितता के बाद लिया गया फैसला**

ट्रस्ट ने दान में कथित हेराफेरी के मामले के बाद पूर्णकालिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने का निर्णय लिया है। राम मंदिर के लिए मिले दान में हेराफेरी के आरोपों के कारण ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन की जांच चल रही है। इस मामले में अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# Hariyali Teej 2026: सावन की हरियाली बाजार में उतरी,

## तीज के लिए सजी दिल्ली की दुकानें



महिलाओं की चूड़ी, मेहंदी, साड़ी, लहंगा, बिंदी, सिंदूर और शृंगार के सामान की दुकानों पर खरीदारी बढ़ गई है। चांदनी चौक से लाजपत नगर और जनपथ तक दुकानदारों ने हरे, मेहंदी और पिस्ता रंग के कपड़ों की नई खेप मंगाई है।सावन की हरियाली दिल्ली के बाजारों में उतरने लगी है। 15 अगस्त को हरियाली तीज के मद्देनजर खरीदारी बढ़ गई है। इस बार तीज और स्वतंत्रता दिवस एक ही दिन होने से बाजारों में हरा और तिरंगा दोनों रंगों का असर दिख रहा है।महिलाओं की चूड़ी, मेहंदी, साड़ी, लहंगा, बिंदी, सिंदूर और शृंगार के सामान की दुकानों पर खरीदारी बढ़ गई है। चांदनी चौक से लाजपत नगर और जनपथ तक दुकानदारों ने हरे, मेहंदी और पिस्ता रंग के कपड़ों की नई खेप मंगाई है। बाजारों में पिस्ता, मेहंदी, बॉटल ग्रीन और एमराल्ड ग्रीन जैसी साड़ियां व सूट खास तौर पर सजे हैं। लेहरिया और बांधनी जैसे पारंपरिक प्रिंट भी खरीदारों को आकर्षित कर रहे हैं। चांदनी चौक के कपड़ा विक्रेता मुनीश ने बताया कि पारंपरिक लुक के लिए बनारसी और सिल्क साड़ियों की मांग है। दिन में पहनने के लिए हल्के कपड़े पसंद किए जा रहे हैं। लाजपत नगर के कपड़ा विक्रेता पंकज के अनुसार, मेहंदी ऑर्गेंजा, पेस्टल जॉर्जेट और मिंट कॉटन-सिल्क जैसे कपड़ों की कीमतें गुणवत्ता के अनुसार बदल रही हैं।शृंगार और सिंधारा की धूम: तीज की खरीदारी में चूड़ियों का विशेष आकर्षण है। हरी कांच की चूड़ियों के साथ कुंदन, मोती और धातु के काम वाली चूड़ियां भी उपलब्ध हैं। कई दुकानदारों ने तीज संग्रह तैयार किया है, जिसमें बिंदी, झुमके और मेहंदी को पैकेज के रूप में बेचा जा रहा है। मेहंदी कलाकारों की बुकिंग बढ़ी है, जहां पारंपरिक और अरेबिक पैटर्न की मांग है। सिंधारा भी खरीदारी का अहम हिस्सा है, जिसमें कपड़े, चूड़ियां, मेहंदी और मिठाई शामिल होती है।

# Weather Update: आज राजधानी में होगी बारिश,

## अगले छह दिन कैसा रहेगा मौसम? पढ़ें IMD का पूर्वानुमान



मंगलवार को सुबह से काले बादल छाए रहे और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बारिश से तापमान में गिरावट आई, साथ ही जलभराव व लंबे जाम ने लोगों को परेशान किया।दिल्ली में बारिश लगातार जारी है। सिर्फ 11 दिन की बारिश ने पूरे अगस्त का कोटा पूरा करने के करीब पहुंच गया है। अगस्त की औसत वर्षा 233.1 मिमी है, जबकि मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे यह आंकड़ा 201.2 मिमी पहुंच गया। जून से अब तक की वर्षा भी सरप्लस हो गई है। सामान्य 360.4 मिमी के मुकाबले 493 मिमी बारिश हो चुकी है।मंगलवार को सुबह से काले बादल छाए रहे और कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। बारिश से तापमान में गिरावट आई, साथ ही जलभराव व लंबे जाम ने लोगों को परेशान किया। सफदरजंग में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री दर्ज किया गया। जो सामान्य से चार डिग्री कम रहा। न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रहा। सफदरजंग में शाम 5:30 बजे तक चार मिमी बारिश हुई।मौसम विभाग के अनुसार, अगले छह दिनों तक बादल छाए रहेंगे। 12-13 अगस्त को हल्की बारिश, 14-15 अगस्त को कई जगह बारिश व 15 अगस्त सुबह 4-6 बजे के बीच 70 प्रतिशत बारिश की संभावना है । 16-17 अगस्त को भी हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 32-35 व न्यूनतम 23-26 डिग्री के बीच रहेगा।

# Delhi: किशनगढ़ में गोली चली,

## लाइसेंसी बंदूक संभालते समय ड्राइवर से हुई चूक, मालिक घायल




घायल व्यक्ति की पहचान 60 वर्षीय महेंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो वसंत कुंज के निवासी हैं। महेंद्र सिंह अपने ड्राइवर मोनू कुमार के साथ किशनगढ़ मोटर मार्केट आए थे।दिल्ली के किशनगढ़ इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। यह घटना 11 अगस्त को हुई, जब किशनगढ़ पुलिस स्टेशन को एक पीसीआर कॉल के माध्यम से गोली चलने और एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना मिली।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल व्यक्ति की पहचान 60 वर्षीय महेंद्र सिंह के रूप में हुई है, जो वसंत कुंज के निवासी हैं। महेंद्र सिंह अपने ड्राइवर मोनू कुमार के साथ किशनगढ़ मोटर मार्केट आए थे। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि महेंद्र सिंह अपनी लाइसेंसी बंदूक साथ लाए थे और उन्होंने उसे अपने ड्राइवर मोनू कुमार को संभालने के लिए दी थी। इसी दौरान, बंदूक संभालते समय मोनू कुमार से गलती से गोली चल गई, जो सीधे महेंद्र सिंह के कंधे में जा लगी। गोली लगने की घटना के तुरंत बाद ड्राइवर मोनू कुमार घायल महेंद्र सिंह को फोर्टिस अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत कार्रवाई की और आरोपी ड्राइवर मोनू कुमार को हिरासत में ले लिया।

# Delhi Assembly: दिल्ली में नहीं चलेगी 2007 वाली बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना

## कानून खत्म; अब रद्द होगी स्कीम



शयन कक्ष तथा भोजन संस्थापना (निरसन) विधेयक, 2026 से 2007 का वह कानून खत्म हो गया है, जिसके सहारे मालवीय नगर सरीखे होटल चल रहे थे, जिसमें से एक में आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी।माललवीय नगर अग्निकांड के बाद चर्चा में आई दो दशक पुरानी बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना को रद्द करने की इजाजत दिल्ली विधान सभा ने दे दी है। शयन कक्ष तथा भोजन संस्थापना (निरसन) विधेयक, 2026 से 2007 का वह कानून खत्म हो गया है, जिसके सहारे मालवीय नगर सरीखे होटल चल रहे थे, जिसमें से एक में आग लगने से 21 लोगों की मौत हो गई थी। दरअसल तत्कालीन दिल्ली सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2007 में यह कानून लागू किया था। इसके तहत घरों में सीमित संख्या में कमरे और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराने वाली छोटी आवासीय इकाइयों को पंजीकृत किया जाता था।हालांकि, तीन जून को मालवीय नगर के एक होटल में लगी आग में 21 लोगों की मौत के बाद योजना के तहत चल रही




व्यवस्थाओं और उनके नियमन पर गंभीर सवाल उठे। इसके बाद सरकार ने योजना खत्म करने का फैसला किया। दिल्ली सरकार का कहना है कि पिछले दो दशकों में राजधानी की जरूरतों और परिस्थितियों में बड़ा बदलाव आया है। ऐसे में मौजूदा वैधानिक व्यवस्था को खत्म कर नई और सुविधाजनक नीति व्यवस्था लागू करना जरूरी है।

**सरकार नए कानून के लिए तैयार कर रही मसौदा**

अधिकारियों के अनुसार, बी एंड बी योजना खत्म करने के साथ ही नई नीति का मसौदा तैयार किया जा रहा है। प्रस्तावित व्यवस्था में अधिकतम 16 बिस्तर और आठ कमरों वाली आवासीय इकाइयों को शामिल किया जा सकता है। इसमें केवल आवासीय इकाइयां ही होंगी। होटल, लॉज, गेस्ट हाउस, सर्विस अपार्टमेंट और अन्य वाणिज्यिक आतिथ्य सुविधाएं इसके दायरे से बाहर रहेंगी। वाणिज्यिक रेस्तरां, बाहरी लोगों को सेवा देने वाले बार और होटल भी इस व्यवस्था में शामिल नहीं होंगे। इन प्रतिष्ठानों को पर्यटन विभाग के पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कराना होगा।



# 'मुझे बहुत धमकियां मिलती हैं': राष्ट्रपति ट्रंप ने माना तुर्किये में ट्रक में छिपकर बदला था विमान; क्या कहा?




**US-Iran Tension: ईरान और अमेरिका के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर भरोसा न होने की बात कही है। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिका का पूरा नियंत्रण होने का दावा किया है। इसके अलावा, ट्रंप ने इसकी भी पुष्टि की है कि ईरान से खतरे के बीच उन्होंने तुर्किये में विमान बदला था। जानें ट्रंप ने क्या कहा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें ईरान पर बिल्कुल भरोसा नहीं है। उन्होंने कह, 'ईरान पर भरोसा करने वाला मैं आखिरी व्यक्ति हूं। उन्होंने लगातार मुझसे झूठ बोला है।'**

**होर्मुज को लेकर ट्रंप ने क्या दावा किया?**

ट्रंप ने कहा कि इस समय होर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिका का पूरी तरह नियंत्रण है। उन्होंने कहा, उनका (ईरान) नियंत्रण नहीं है। हमारा पूरा नियंत्रण है। यह हमारे कब्जे में है। ट्रंप ने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी समय ईरान ने कुछ करने की कोशिश की, तो उसे 'उड़ा दिया' जा सकता है। उन्होंने कहा, 'अभी हम बहुत अच्छी स्थिति में हैं।

**ट्रंप ने की तुर्किये में विमान बदलने की पुष्टि**

एक अन्य बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी सुरक्षा को लेकर कहा कि वह सीक्रेट सर्विस और सेना के निर्देशों का पालन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला पूरी तरह सीक्रेट सर्विस पर निर्भर करता है और वह वही करते हैं जो सीक्रेट सर्विस उनसे करने के लिए कहती है। ट्रंप ने बताया कि सीक्रेट सर्विस ने उन्हें एक अलग उड़ान और अलग विमान से जाने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि वह विमान भी उतना ही सुरक्षित था। लेकिन सीक्रेट सर्विस चाहती थी कि वह उसी विमान से यात्रा करें, इसलिए उन्होंने उनकी बात मान ली। ट्रंप ने कहा, मैं वही करता हूं जो वे कहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि शायद वहां कोई खतरा था। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्हें बहुत सारी धमकियां मिलती रहती हैं। तुर्किये में पिछले महीने नाटो सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान से गंभीर खतरे के चलते बेहद गोपनीय तरीके से वहां से निकाला गया था। ट्रंप को एयरफोर्स वन के पुराने विमान से एक खानपान सामग्री ले जाने वाले कंटेनर के जरिये निकालकर दूसरे सैन्य विमान तक पहुंचाया गया। राष्ट्रपति ट्रंप ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि वह 8 जुलाई को पुराने एयरफोर्स वन से ब्रिटेन जाएंगे। पत्रकारों ने तुर्किये में ट्रंप को पुराने नीले रंग के 747 विमान में चढ़ते हुए भी देखा था। हालांकि, ट्रंप उस विमान में सवार नहीं हुए। उन्हें दूसरी तरफ से कंटेनर के जरिये निकालकर एक सी-32ए सैन्य विमान से गुप्त रूप से ब्रिटेन भेजा गया। गौरतलब है कि 747 विमान कतर के शाही परिवार ने अमेरिका को उपहार में दिया था।

अचानक बदला प्लान : ट्रंप एक माह पहले कतर के शाही परिवार से उपहार में दिए गए इस विमान से तुर्किये पहुंचे थे। उन्हें इसी विमान से ब्रिटेन जाना था लेकिन ऐन वक्त पर प्लान बदला गया और कंटेनर में बैठाकर सी-32ए सैन्य विमान तक पहुंचाया गया। तीसरी बार चुनाव लड़ने के सवाल पर क्या कहा?

ट्रंप ने तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ने को लेकर पूछे गए सवाल को टालते हुए कहा कि वह चुनाव लड़ना पसंद करेंगे, लेकिन कानून इस मामले में बहुत सख्त है। ट्रंप ने कहा, हर कोई चाहता है कि मैं ऐसा करूं, लेकिन कानून बहुत सख्त है।

## Indonesia: बाली में आग और ऊंची लहरों के बीच फंसा जहाज, 106 यात्रियों को बचाया गया; रेस्क्यू ऑपरेशन जारी




इंडोनेशिया के बाली के पास एक यात्री जहाज में बुधवार सुबह आग लग गई। जहाज में 131 लोग सवार थे, जिनमें से 106 को बचा लिया गया। 25 लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। बता दें कि 4 मीटर ऊंची लहरों के कारण बचाव अभियान में मुश्किलें आ रही हैं। इंडोनेशिया के टूरिस्ट आइलैंड बाली के पास बुधवार को ऊंची लहरों के बीच एक पैसेंजर जहाज में आग लग गया। जिसमें 106 को बचाया गया है। इसके साथ ही आग बुझाने की कोशिशें की जा रही हैं। अधिकारियों ने बताया कि बचाव दल और वहां से गुजर रहे जहाजों ने 106 लोगों को बचा लिया था। वहीं, वे जलते हुए जहाज से बाकी 25 लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे है।

**बचाव दल ने क्या कहा?**

माताराम सर्च एंड रेस्क्यू ऑफिस के प्रमुख मुहम्मद हरियादी ने कहा, 'हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता सभी यात्रियों और क्रू सदस्यों की सुरक्षा है।' उन्होंने बताया कि समुद्र में उथल-पुथल और 4 मीटर (13 फीट) तक ऊंची लहरों के कारण बचाव कार्य में मुश्किल आ रही थी।

**यह घटना कब हुई?**

प्रांतीय राजधानी माताराम में मौजूद सर्च ऑफिस के अनुसार, आग सुबह करीब 4:15 बजे लगी। उस समय 'पुत्री यास्मीन' जहाज बाली के पाडांग बाई पोर्ट से वेस्ट नुसा तेंगारा प्रांत के पड़ोसी द्वीप लोम्बोक के लेम्बर पोर्ट जा रहा था। एजेंसी को लगभग आधे घंटे बाद इमरजेंसी रिपोर्ट मिली और उसने तुरंत अपने कर्मचारियों और बचाव जहाजों को काम पर लगा दिया।

**जहाज में कितने लोग मौजूद थे?**

हरियादी ने बताया कि बचाव अभियान में इंडोनेशियाई नौसेना के जहाज, पेट्रोल बोट, बचाव नौकाएं और हवाई सर्वे के लिए एक हेलीकॉप्टर शामिल थे। हरियादी ने पाडांग बाई पोर्ट अथॉरिटी से मिली यात्री सूची के आधार पर बताया कि जहाज में 114 यात्री और 17 क्रू सदस्य सवार थे। इसके साथ ही जहाज में 44 गाड़ियां और 53 मोटरसाइकिलें भी लदी हुई थीं। इंडोनेशिया 17,000 से ज्यादा द्वीपों का एक समूह है, जहां यात्रा के लिए जहाज का इस्तेमाल आम है। यहां अक्सर हादसे होते रहते हैं। इसके लिए अक्सर सुरक्षा नियमों के कमजोर पालन को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

## US: अमेरिकी कोर्ट ने पन्नू केस के आरोपी निखिल गुप्ता की सजा की तारीख बदली, अब कब होगा फैसला?

**अमेरिकी फेडरल कोर्ट ने पन्नू हत्या साजिश मामले में दोषी निखिल गुप्ता की सजा की सुनवाई टाल दी है । गुप्ता ने हत्या की सुपारी, साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप स्वीकार किए हैं। इन मामलों में उन्हें अधिकतम 30 साल तक की जेल की सजा हो सकती है। अमेरिकी फेडरल कोर्ट ने आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का जुर्म कबूल करने वाले निखिल गुप्ता की सजा सुनाने की तारीख 20 नवंबर तक टाल दी है। न्यूयॉर्क के सदर्न डिस्ट्रिक्ट की फेडरल कोर्ट ने पहले गुप्ता को सजा सुनाने के लिए 25 सितंबर की तारीख तय की थी, लेकिन जिसकी हत्या की साजिश रची गई थी उस व्यक्ति के अनुरोध पर सुनवाई को टाल दिया गया। हालांकि कोर्ट में दाखिल दस्तावेजों में पीड़ित का नाम नहीं है, लेकिन पन्नू के वकील ने सार्वजनिक रूप से खुद को कथित हत्या की साजिश का निशाना बताया है।गुप्ता को 30 जून, 2023 को चेक रिपब्लिक में गिरफ्तार किया गया था और एक साल बाद उसे अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया।**




**सरकारी वकील ने क्या बताया?**

न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के लिए अमेरिकी जिला न्यायालय के समक्ष दायर एक पत्र में, सरकारी वकीलों ने बताया कि जिस पीड़ित का नाम नहीं बताया गया है। वह सजा सुनाए जाने की प्रक्रिया में शामिल होना चाहता है। उन्होंने 25 सितंबर को होने वाली सुनवाई को टालने का अनुरोध किया क्योंकि उस समय वह देश से बाहर होगा। जज विक्टर मरेरो ने यह अनुरोध मान लिया और गुप्ता को सजा सुनाने की तारीख बदलकर 20 नवंबर को सुबह 10 बजे कर दी। 13 फरवरी को गुप्ता ने पन्नू की हत्या की साजिश के संबंध में हत्या के लिए सुपारी देने, हत्या के लिए सुपारी देने की साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने के तीनों आरोपों में दोषी होने की बात स्वीकार कर ली।

**कितने साल की सजा हो सकती है?**

सुपारी लेकर हत्या करने के आरोप में अधिकतम 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। वहीं, मनी लॉन्ड्रिंग करने की साजिश रचने पर अधिकतम 20 साल की जेल की सजा हो सकती है।

## US: कैलिफोर्निया में कंटेंट क्रिएटर्स पर क्यों बढ़ी सख्ती? पैसे लेकर सियासी पोस्ट करने पर लग सकता है जुर्माना




म्यांमार में सेना और सरकार विरोधी सशस्त्र समूहों के बीच जारी संघर्ष का सबसे ज्यादा असर आम लोगों पर पड़ रहा है। सेना ने हवाई हमले बढ़ा दिए हैं और पैरामोटर, गाइरोकॉप्टर और ड्रोन जैसे विमानों का इस्तेमाल कर रही है। संयुक्त राष्ट्र की जांच में हमलों के एक खतरनाक पैटर्न का भी पता चला है, जानें क्या है 'डबल-टैप' हमला। म्यांमार की सेना ने सरकार विरोधी सशस्त्र समूहों के साथ जारी संघर्ष के बीच हवाई हमले बढ़ा दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक जांच रिपोर्ट में बताया गया है कि इन हमलों में आम लोग मारे जा रहे हैं। सेना इन हमलों के लिए मोटर से चलने वाले पैराग्लाइडर और जाइरोकॉप्टर जैसे कम लागत वाले विमानों का इस्तेमाल पहले से ज्यादा कर रही है। उधर, रखाइन प्रांत में सरकार के खिलाफ लड़ रहे एक बड़े जातीय सशस्त्र समूह ने दावा किया है कि इस महीने अब तक सेना के हवाई हमलों में 20 आम लोग मारे गए हैं। म्यांमार के सैन्य शासन ने संयुक्त राष्ट्र की जांच या अराकान आर्मी के आरोपों पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। इससे पहले सेना कहती रही है कि वह केवल युद्ध में वैध ठिकानों पर ही हमला करती है। सेना ने सरकार के खिलाफ लड़ रहे बलों पर आतंकवादी होने का आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र की ओर से बनाई गई इंडिपेंडेंट इन्वेस्टिगेटिव मैकेनिज्म फॉर म्यांमार (आईआईएमएम) की रिपोर्ट में एक साल तक चली जांच का विवरण दिया गया है। यह जांच म्यांमार की सेना और उससे जुड़े हथियारबंद समूहों के साथ-साथ सरकार विरोधी सशस्त्र समूहों के कथित युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ किए गए अपराधों को लेकर की गई थी।

जांच में पाया गया कि दिसंबर और जनवरी में सेना की ओर से कराए गए चुनावों के दौरान हिंसा और मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाएं बढ़ गई थीं। आईआईएमएम ने कहा कि चुनाव से पहले के महीनों में हवाई हमले काफी बढ़ गए थे और चुनाव के बाद भी ये लगातार जारी रहे। जांचकर्ताओं ने लोगों को जानबूझकर और बिना किसी उचित वजह के हिरासत में लेने, यातना देने और यौन हिंसा की घटनाएं भी दर्ज कीं।

**क्या है 'डबल-टैप' हवाई हमला?**

आईआईएमएम ने कहा कि सेना के बढ़ते 'डबल-टैप' हवाई हमलों से आम लोगों की मौत और घायल होने की संख्या बढ़ रही है। पहले हमला किया जाता है और फिर उसी जगह पर दोबारा हमला किया जाता है। जांच के अनुसार, दूसरे हमले में उन लोगों को निशाना बनाया जाता है, जो घायलों की मदद करने, उन्हें बचाने या वहां से भागने की कोशिश कर रहे होते हैं।

पैरामोटर और ड्रोन का क्यों बढ़ा इस्तेमाल?

आईआईएमएम ने कहा कि म्यांमार की सेना हवाई हमलों के लिए मोटर से चलने वाले पैराग्लाइडर (जिसे पैरामोटर भी कहा जाता है) के साथ-साथ जाइरोकॉप्टर और ड्रोन का इस्तेमाल तेजी से कर रही है। इनसे कम ऊंचाई पर बिना किसी सटीक दिशा-निर्देशन वाले विस्फोटकों के जरिये हवाई हमले किए जाते हैं।

**बिना आवाज कैसे पहुंचते हैं पैरामोटर?**

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊपरी सागाइंग क्षेत्र में हाल की कई घटनाओं में पैरामोटर चला रहे पायलट कथित तौर पर अपने आईआईएमएम की रिपोर्ट ऐसे समय आई है, जब रखाइन में सेना के खिलाफ लड़ रहे एक बड़े जातीय सशस्त्र समूह अराकान आर्मी ने कहा कि 1 से 11 अगस्त के बीच तीन टाउनशिप में हुए हवाई हमलों में करीब 20 आम लोग मारे गए और 22 घायल हुए। समूह के मुताबिक, इनमें एक हमला ऐसा भी था, जिसमें आठ विमानों ने करीब एक घंटे तक बमबारी की। सेना समर्थित सरकार ने इन कथित हमलों पर सार्वजनिक रूप से कोई टिप्पणी नहीं की है। असिस्टेंस एसोसिएशन फॉर पॉलिटिकल प्रिजनर्स के अनुसार, 2021 से म्यांमार के सुरक्षा बलों ने 8,000 से ज्यादा आम लोगों की हत्या की है और 31 हजार से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। यह एक स्वतंत्र संगठन है, जो देश में जारी गृहयुद्ध के दौरान हुई गिरफ्तारियों और मौतों का विस्तृत रिकॉर्ड रखता है।

**यूएन की जांच में कितने सबूत जुटाए गए?**

आईआईएमएम की स्थापना 2018 में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद ने म्यांमार में अंतरराष्ट्रीय कानून के उल्लंघनों पर नजर रखने के लिए की थी। संस्था ने कहा कि उसने 1,600 से ज्यादा स्रोतों और गवाहों से सबूत जुटाए हैं। इन सबूतों का इस्तेमाल भविष्य में उन लोगों के खिलाफ मुकदमा चलाने में किया जा सकता है, जो इन अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं।

## Trump: रूस ने चार साल से हिरासत में रखे पूर्व अमेरिकी मरीन रॉबर्ट गिलमैन को छोड़ा, ट्रंप ने कैसे कराई रिहाई?




Russia releases American Prisoner: रूस ने करीब चार साल से हिरासत में रखे पूर्व अमेरिकी मरीन रॉबर्ट गिलमैन को रिहा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनकी व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के बाद मानवीय आधार पर यह फैसला हुआ और कोई कैदी आदान-प्रदान नहीं हुआ। गिलमैन अब अमेरिका लौट रहे हैं। सवाल है कि आखिर चार साल तक रूस में क्यों रहे और ट्रंप की बातचीत से उनकी रिहाई कैसे संभव हुई? आइए, सबकुछ विस्तार से जानते हैं... रूस में करीब चार साल से हिरासत में रखे गए पूर्व अमेरिकी मरीन रॉबर्ट गिलमैन को रिहा कर दिया गया है और अब वह अमेरिका लौट रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि रूस ने गिलमैन को मानवीय आधार पर रिहा किया है। ट्रंप के मुताबिक, उनकी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत के बाद यह फैसला हुआ और इसके बदले रूस ने किसी व्यक्ति की मांग नहीं की। यानी दोनों देशों के बीच किसी तरह का कैदी आदान-प्रदान नहीं हुआ।

**रॉबर्ट गिलमैन की रिहाई कैसे हुई और ट्रंप ने क्या कहा?**

32 वर्षीय रॉबर्ट गिलमैन को रूस ने 2022 में हिरासत में लिया था। ट्रंप ने बताया कि गिलमैन मंगलवार रात वॉशिंगटन डीसी के पास एंड्रयूज एयर फोर्स बेस पहुंचेंगे। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने गिलमैन से खुद बात की है और अमेरिका लौटने पर गिलमैन ने उनसे सिर्फ एक अच्छी चीजबर्गर खाने की इच्छा जताई। ट्रंप ने कहा कि वह उनकी यह इच्छा पूरी करेंगे। उन्होंने गिलमैन की रिहाई के लिए अपनी टीम और रूस के फैसले का भी आभार जताया।

**गिलमैन को रूस में क्यों गिरफ्तार किया गया था?**

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, गिलमैन अगस्त 2019 से अगस्त 2020 तक अमेरिकी मरीन में सेवा दे चुके हैं। जनवरी 2022 में रूस के वोरोनिश शहर में ट्रेन से यात्रा के दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया था। उन पर नशे की हालत में एक पुलिस अधिकारी को कथित तौर पर लात मारने का आरोप लगा था। रूस की ओर से सामने आई जानकारी के मुताबिक, इसी मामले में उन्हें जेल की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, गिलमैन के पिता ने इन आरोपों को गलत बताया था।

गिलमैन को शुरुआत में साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई गई थी। इसके बाद जेल के भीतर कथित हमलों से जुड़े नए आरोप लगाए गए और उनकी सजा कई बार बढ़ाई गई।

## Indian Railways: 2,700 करोड़ से पटरी पर उतरेंगी 27 नई वंदे भारत, स्वदेशी सुपर ट्रेन पर भी तेजी से चल रहा काम




**स्लीपर और चेयरकार का मिला-जुला रूप**

सूत्रों के मुताबिक, इस वित्त वर्ष में 27 ट्रेन सेट का निर्माण पूरा होगा, जिसकी संख्या मांग के आधार पर बढ़ सकती है। चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, रायबरेली की मॉडर्न कोच फैक्ट्री और कपूरथला की रेल कोच फैक्ट्री में इनका निर्माण जारी है।

**स्वदेशी बुलेट ट्रेन भी जल्द**

वंदे भारत के बाद रेलवे अब आगे की सोच रहा है। आईसीएफ चेन्नई और बीईएमएल मिलकर 280 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली पूरी तरह स्वदेशी हाई-स्पीड ट्रेन का निर्माण कर रहे हैं। शुरुआती योजना के अनुसार, इस स्वदेशी हाई-स्पीड ट्रेन को देश में बन रहे बुलेट ट्रेन (हाइपर-स्पीड) ट्रैक पर चलाया जा सकता है, जिससे भारत रेल निर्माण क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनेगा।वंदे भारत ट्रेन में आधुनिक तकनीक, बोगियां और खुद रफ्तार पकड़ने वाले इंजन सिस्टम होने के कारण इसकी लागत सामान्य शताब्दी या राजधानी के एलएचबी कोचों से अधिक है।

भारतीय रेलवे हाईस्पीड और आधुनिक रेल नेटवर्क को विस्तार देने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। मौजूदा वंदे भारत सेवाओं के साथ अब नए ट्रेन सेट तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें चेयरकार और स्लीपर दोनों तरह की सुविधाएं होंगी। देश की तीन प्रमुख कोच फैक्ट्रियों में इनका उत्पादन चल रहा है।भारतीय रेलवे देश में सफर का तरीका पूरी तरह बदलने की तैयारी में है। यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और तेज रफ्तार देने के लिए चालू वित्त वर्ष में 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से करीब 27 नई सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेनें तैयार की जा रही हैं।देश की तीनों प्रमुख कोच फैक्ट्रियों में इन ट्रेनों का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। फिलहाल देश भर में चेयरकार और स्लीपर मिलाकर 100 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें दौड़ रही हैं, पर यह वित्त वर्ष वंदे भारत के उत्पादन के लिहाज से सबसे बड़ा साबित होने जा रहा है।

## सोने की चमक बरकरार



दिल्ली में सोने के दाम लगातार चौथे दिन बढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुए। कमजोर अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की नरम कीमतों ने सर्राफा मांग बढ़ाई। चांदी स्थिर रही। निवेशक अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।देश की राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को सोने के दाम 200 रुपये बढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गए। विदेशी बाजारों में तेज वृद्धि के कारण सोने की कीमतों में यह उछाल आया है। कमजोर अमेरिकी डॉलर और कच्चे तेल की नरम कीमतों ने सर्राफा की मांग बढ़ाई है। यह लगातार चौथा कारोबारी सत्र है जब पीली धातु की कीमतों में वृद्धि दर्ज की गई है।



स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने का दाम 200 रुपये बढ़कर 1,54,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। गुरुवार को इसका बंद भाव 1,53,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था। हालांकि, चांदी का दाम 2,34,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर अपरिवर्तित रहा। पिछले सत्र में चांदी में तेज वृद्धि देखने को मिली थी।लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध प्रमुख गौरव गर्ग ने बताया कि सोने ने लगातार चौथे कारोबारी सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी। कीमती धातु जनवरी के बाद से अपने सबसे मजबूत साप्ताहिक प्रदर्शन की ओर बढ़ रही है। उन्होंने इस वृद्धि का कारण कमजोर डॉलर, घटती महंगाई की उम्मीदें और सर्राफा की लगातार मांग को बताया। यह मांग अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट से पहले बनी हुई है। यह रिपोर्ट फेडरल रिजर्व के अगले नीतिगत फैसले को प्रभावित कर सकती है। गर्ग ने यह भी कहा कि निवेशकों की बेहतर होती धारणा के कारण चांदी की कीमतों में भी वृद्धि हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 84.74 अमेरिकी डॉलर या 2 फीसदी बढ़कर 4,325.43 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गया। वहीं, चांदी 4 फीसदी से अधिक मजबूत होकर 64.17 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। कोटक सिक्योरिटीज की कमोडिटी रिसर्च के सहायक उपाध्यक्ष कायनात चैनवाला ने कहा कि शुक्रवार को विदेशी बाजारों में हाजिर सोना करीब 4,350 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर ऊपर चढ़ा। चांदी भी 4 फीसदी से अधिक बढ़कर करीब 64 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई। उन्होंने बताया कि दोनों धातुएं जनवरी के बाद से अपने सबसे मजबूत साप्ताहिक प्रदर्शन की राह पर हैं।

## म्यूचुअल फंड में बदला निवेशकों का रुख:




**क्या निवेशकों का लार्जकैप फंड से मोहभंग हो गया है?**

जुलाई में लार्जकैप फंड से 1,321 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। दिसंबर 2023 के बाद यह पहली बार है जब इस श्रेणी में निवेश से ज्यादा पैसा निकाला गया। बाजार विश्लेषक विरल भट्ट के मुताबिक, पिछले दो वर्षों में लार्जकैप शेयरों से अपेक्षाकृत कम रिटर्न और ऊंचे मूल्यांकन की चिंता इसकी वजह हो सकती है। निवेशकों ने लार्जकैप से पैसा निकालकर मुनाफावसूली की या फिर बेहतर रिटर्न की उम्मीद में दूसरे फंडों का रुख किया।

**स्मॉलकैप और मिडकैप फंड में कितना पैसा आया?**

जुलाई में स्मॉलकैप फंड निवेशकों की पहली पसंद रहे। इस श्रेणी में 7,767 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड निवेश आया, जो किसी एक महीने का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। मिडकैप फंड में भी 6,192 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इसके अलावा फ्लेक्सीकैप में 4,709 करोड़ रुपये, लार्ज एवं मिडकैप में 3,425 करोड़ रुपये और मल्टीकैप फंड में 3,227 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया गया। इससे संकेत मिलता है कि निवेशक ज्यादा जोखिम वाले शेयरों में बेहतर रिटर्न की तलाश कर रहे हैं।

**इक्विटी फंड में कुल निवेश क्यों घटा?**

जुलाई में इक्विटी म्यूचुअल फंड में कुल निवेश 24,697 करोड़ रुपये रहा, जबकि जून में यह 28,973 करोड़ रुपये था। यानी महीने के आधार पर निवेश में करीब 15 फीसदी की कमी आई। बाजार के ऊंचे स्तर और मौजूदा मूल्यांकन को लेकर निवेशकों में सावधानी बढ़ी है। इसके बावजूद इक्विटी फंड में लगातार 65वें महीने शुद्ध निवेश दर्ज किया गया। जुलाई में 25 नए फंड लॉन्च हुए, जिनमें दो लाइफ-साइकिल फंड शामिल थे और इन नए फंडों ने कुल 2,022 करोड़ रुपये जुटाए।

**Mutual Fund Investment:** जुलाई में म्यूचुअल फंड निवेशकों ने लार्जकैप से पैसा निकालकर स्मॉलकैप और मिडकैप का रुख किया। लार्जकैप से 1,321 करोड़ रुपये की निकासी हुई, जबकि स्मॉलकैप में रिकॉर्ड 7,767 करोड़ रुपये आए। कुल इक्विटी निवेश भी घटकर 24,697 करोड़ रुपये रहा। इसके बावजूद एसआईपी निवेश रिकॉर्ड 31,961 करोड़ रुपये पहुंच गया। सवाल है कि क्या निवेशक लार्जकैप से सच में दूर हो रहे हैं या यह सिर्फ मुनाफावसूली और रणनीति में बदलाव है? भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव और ऊंचे मूल्यांकन के बीच म्यूचुअल फंड निवेशकों के रुख में बड़ा बदलाव दिखा है। जुलाई में इक्विटी म्यूचुअल फंड में कुल निवेश 15 फीसदी घटकर 24,697 करोड़ रुपये रह गया। सबसे बड़ी बात यह रही कि 30 महीने बाद पहली बार लार्जकैप फंड से निवेशकों ने पैसा निकाल लिया। इसके उलट स्मॉलकैप फंड में रिकॉर्ड 7,767 करोड़ रुपये का निवेश आया। हालांकि, निवेशकों का एसआईपी पर भरोसा मजबूत बना हुआ है।




## Hurun Report: अंबानी परिवार भारत में सबसे धनी

### अदाणी पहली पीढ़ी के कारोबारियों में शीर्ष पर




2026 की बार्कलेज प्राइवेट क्लाइंट्स हुरुन इंडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुकेश अंबानी का परिवार भारत का सबसे धनी कारोबारी परिवार बना हुआ है, जबकि गौतम अदाणी का परिवार पहली पीढ़ी के कारोबारियों में शीर्ष पर है। जानें अन्य प्रमुख परिवारों की संपत्ति और वृद्धि। हुरुन की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, मुकेश अंबानी का परिवार 2026 में भी भारत का सबसे धनी कारोबारी परिवार बना हुआ है। उनकी संपत्ति में 8.5 फीसदी की गिरावट के बावजूद यह 25.8 लाख करोड़ रुपये दर्ज की गई है। वहीं, अहमदाबाद के गौतम अदाणी का परिवार पहली पीढ़ी के कारोबारियों में सबसे अमीर बनकर उभरा है। उनकी कुल संपत्ति 19.6 लाख करोड़ रुपये बताई गई है। यह जानकारी '2026 बार्कलेज प्राइवेट क्लाइंट्स हुरुन इंडिया मोस्ट वैल्यूएबल फैमिली बिजनेसेज लिस्ट' में सामने आई है। इस सूची में दूरसंचार कंपनी एयरटेल के प्रवर्तक सुनील भारती मित्तल तीसरे स्थान पर हैं। उनकी संपत्ति 12.1 लाख करोड़ रुपये है, जिससे वह पहली पीढ़ी के परिवारों में दूसरे सबसे अमीर हैं। कुमार मंगलम बिड़ला 8.14 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर हैं।



हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने बताया कि भारत के सबसे मूल्यवान पारिवारिक कारोबारों का कुल मूल्य अब 1.46 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। यह भारतीय मुद्रा में 138 लाख करोड़ रुपये के बराबर है। उन्होंने कहा कि यदि यह सूची एक देश होती, तो यह सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से दुनिया की 18वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होती। यह नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड और पोलैंड जैसे देशों से भी बड़ी होती। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष 300 पारिवारिक कारोबारों ने पिछले दो वर्षों में प्रतिदिन 4,076 करोड़ रुपये का मूल्य जोड़ा है।

**कौन हैं भारत के शीर्ष कारोबारी परिवार?**

मुकेश अंबानी का परिवार लगातार भारत के सबसे धनी कारोबारी परिवार के रूप में अपनी जगह बनाए हुए है। उनकी कुल संपत्ति 25.8 लाख करोड़ रुपये है, भले ही इसमें 8.5 फीसदी की गिरावट आई है। गौतम अदाणी का परिवार पहली पीढ़ी के कारोबारियों में सबसे अमीर है। उनकी संपत्ति 19.6 लाख करोड़ रुपये दर्ज की गई है। सुनील भारती मित्तल का परिवार 12.1 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर है। वह पहली पीढ़ी के परिवारों में दूसरे सबसे अमीर हैं। कुमार मंगलम बिड़ला 8.14 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ सूची में चौथे स्थान पर हैं।शाही एक्सपोर्ट्स के आहूजा परिवार ने तीन साल में सबसे अधिक मूल्य वृद्धि दर्ज की है। उनकी संपत्ति 352 फीसदी बढ़कर 37,500 करोड़ रुपये हो गई है। गरवारे हाई-टेक फिल्म्स के शशिकांत भालचंद्र गरवारे परिवार ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

## Oil Tariff: रूस से तेल खरीद पर 100% टैरिफ का खतरा US अधिकारी बोले- पीएम मोदी और ट्रंप खुद सुलझाएंगे मामला




**क्या रूस से तेल खरीद पर भारत पर लग सकता है 100 फीसदी टैरिफ?**

यह मामला अमेरिकी सीनेट में पारित एक द्विदलीय विधेयक के बाद चर्चा में आया है। 7 अगस्त को अमेरिकी सीनेट ने ऐसा विधेयक पारित किया, जिसके तहत राष्ट्रपति ट्रंप को रूस से तेल और गैस खरीद जारी रखने वाले देशों के सामान पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार मिल सकता है। सीनेट में लिंडसे ओ ग्राहम रूस और ईरान प्रतिबंध अधिनियम 2026 को 86-11 के भारी बहुमत से मंजूरी मिली। इस प्रस्ताव का उद्देश्य रूस और ईरान पर आर्थिक दबाव बढ़ाना तथा मॉस्को के साथ बड़े ऊर्जा कारोबार वाले देशों को निशाना बनाना है।

**क्या भारत रूस से तेल खरीदने वाले प्रमुख देशों में शामिल है?**

प्रस्ताव के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को रूस के कच्चे तेल या प्राकृतिक गैस के शीर्ष पांच खरीदार देशों से आने वाले सामान पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार दिया जा सकता है। भारत और चीन रूस के कच्चे तेल के बड़े खरीदारों में शामिल हैं। विधेयक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अन्य वरिष्ठ राजनीतिक एवं सैन्य अधिकारियों के अलावा वित्तीय संस्थानों, ऊर्जा परियोजनाओं और रूस के युद्ध प्रयासों से जुड़े संस्थानों पर नए प्रतिबंधों का भी प्रावधान है।वैश्विक बाजार में अस्थिरता के बीच सस्ता रूसी कच्चा तेल भारतीय रिफाइनरियों के लिए लागत को बेहतर ढंग से संभालने और घरेलू आपूर्ति बनाए रखने में मददगार रहा।

रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर संभावित 100 फीसदी अमेरिकी टैरिफ के मुद्दे पर वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी पीटर नवारो ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच अच्छे कामकाजी संबंध हैं और दोनों नेता इस मामले को सुलझा लेंगे। आखिर टैरिफ का प्रस्ताव क्या है? भारत पर इसका क्या असर हो सकता है? आइए, सबकुछ विस्तार से जानते हैं...रूस से तेल खरीद को लेकर भारत पर संभावित 100 फीसदी अमेरिकी टैरिफ के मुद्दे पर अमेरिका की ओर से अहम बयान आया है। अमेरिकी व्यापार एवं विनिर्माण मामलों के वरिष्ठ सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच अच्छे कामकाजी संबंध हैं और दोनों नेता इस मुद्दे को आपस में सुलझा लेंगे।नवारो ने एएनआई के सवाल के जवाब में कहा कि इस मामले में उन्हें या किसी अन्य अधिकारी को दोनों नेताओं के बीच आने की जरूरत नहीं है। उन्होंने भरोसा जताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी इस मुद्दे पर समाधान निकाल लेंगे।



## The Bonus Market Update: सेंसेक्स 70 अंक से ज्यादा लुढ़का, निफ्टी में भी गिरावट; कच्चे तेल और सीपीआई पर नजर

बुधवार को भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ खुला। सेंसेक्स और निफ्टी में कमी दर्ज की गई। मध्य पूर्व में कच्चे तेल के दाम बढ़ने और अमेरिकी सीपीआई आंकड़ों के इंतजार से बाजार पर दबाव रहा। जानें वैश्विक बाजारों का हाल और प्रमुख शेयरों की स्थिति। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ खुला। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांकों में कमी दर्ज की गई। पश्चिम एशिया में अस्थिर राजनीतिक उठापटक के बीच कच्चे तेल के दाम 90 डॉलर प्रति बैरल की ओर बढ़ रहे हैं। बाजार का ध्यान अब अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों पर केंद्रित हो गया है। ये आंकड़े बुधवार को ही जारी होने वाले हैं। महंगाई के इन आंकड़ों से वैश्विक ब्याज दर की उम्मीदों पर नए संकेत मिलने की उम्मीद है। साथ ही, ये आंकड़े व्यापक बाजार धारणा को भी प्रभावित करेंगे। बुधवार को सुबह 09:27 बजे, सेंसेक्स 70.98 अंक या 0.09 फीसदी गिरकर 78,083.27 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी भी 55.41 अंक या 0.23 फीसदी की गिरावट के साथ 24,416.30 पर था। भारतीय बाजार में हिंडाल्को के शेयरों में दो फीसदी की वृद्धि देखी गई। वहीं, बजाज फिनसर्व के शेयरों में एक फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों की नजर अब अमेरिका से आने वाले आर्थिक आंकड़ों पर टिकी है।पश्चिम एशिया में जारी अस्थिर राजनीतिक उठापटक के कारण कच्चे तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।



**अमेरिका के नए टैरिफ बिल से भारत में चिंता: औद्योगिक संगठन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वाले फैसले को लेकर औद्योगिक संगठन ने चिंता जाहिर की है। ईईपीसी इंडिया नाम के इस संगठन ने कहा कि अमेरिकी सीनेट ने प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप को रूसी ऊर्जा के शीर्ष आयातकों पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार देने वाले बिल को मंजूरी दे दी है। इससे भारत से इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट को लेकर चिंता बढ़ गई है। संगठन के मुताबिक अगर यह कानून बन जाता है तो इसके नतीजे बेहद गंभीर हो सकते हैं। ईईपीसी इंडिया के चेयरमैन पंकज चड्ढा ने कहा, यह हमारे लिए वाकई चिंता की बात है, क्योंकि अमेरिका भारतीय इंजीनियरिंग सामानों का टॉप मार्केट है। बिल को अभी लेजिस्लेटिव प्रोसेस पूरा करना बाकी है लेकिन यह हमारे लिए सच में चिंता की बात है। चड्ढा ने कहा, लिंड्से ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 नाम का यह बिल, अगर अमेरिकी कांग्रेस से मंजूर हो जाता है और कानून बन जाता है, तो इंडियन गुड्स एक्सपोर्ट पर इसका बड़ा असर पड़ सकता है। हालांकि, अभी इसके किसी भी संभावित असर पर बात करना जल्दबाजी होगी।

# रिया चक्रवर्ती का बड़ा खुलासा

## 7 साल की उम्र में कमाती थी लाखों रुपये



Rhea Chakraborty: रिया चक्रवर्ती ने अपने शुरुआती करियर के दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि 17-18 साल की उम्र में वीडियो जॉकी के तौर पर अपने करियर की शुरुआत की थी। अब उन्होंने शुरुआती दिनों को याद कर बड़ा खुलासा किया है। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने अपने करियर की शुरुआत बतौर MTV वीडियो जॉकी की थी। उन्होंने कम उम्र में ही इंडस्ट्री में काम करना शुरू कर दिया था। वीडियो जॉकी के तौर पर रिया ने कई बड़े सेलिब्रिटीज का इंटरव्यू लिए। इसके बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और साल 2024 में अपना क्लोदिंग ब्रांड चैप्टर 2 भी शुरू किया।

**17 साल की उम्र में कमाती थीं इतने रुपये**

कॉमेडियन और कंटेंट क्रिएटर तनमय भट्ट के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान रिया ने अपनी वीडियो जॉकी की सैलरी के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उस समय वीडियो जॉकी को काफी अच्छी सैलरी मिलती थी। रिया ने कहा, 'उस समय एक वीडियो जॉकी की अच्छी कमाई होती थी। मुझे लगता है कि मेरी आखिरी सैलरी 3 लाख थी। लेकिन मैं उस समय सिर्फ 17-18 साल की थी, इसलिए मुझे लगता था कि मैं बहुत अमीर हूं।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने उस पैसे को अपने चेहरे की खूबसूरती पर खर्च कर दिया था। रिया ने कहा, 'मैंने ये पैसे अपना चेहरा ठीक कराने में खर्च कर दिए।'

# Tom cruise: मल्लिका शेरावत ने टॉम क्रूज को लेकर किया दावा सब रह गए हैरान बोलीं- फोन होता तो वीडियो दिखाती



Mallika Sherawat on Tom cruise: हाल ही में 'द ट्रेटर्स' के सीजन 2 से मल्लिका शेरावत का एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें वो खुलासा कर रही हैं कि हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज को उनके ऊपर क्रश है। जानिए क्या है पूरा मामला। बॉलवुड एक्टर मल्लिका शेरावत जल्द ही रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के सीजन 2 में नजर आएंगी। शो 13 अगस्त से प्रीमियर होगा। इससे पहले एक्ट्रेस का शो से एक क्लिप वायरल हो रहा है, जिसमें वो बता रही हैं कि हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज का उनके ऊपर क्रश है। टॉम क्रूज पर क्या बोलीं मल्लिका?

वायरल क्लिप में शो का हिस्सा बने कॉमेडियन आदित्य कुलश्रेष्ठ यानी कुल्लू मल्लिका से पूछते हैं कि क्या उन्हें कभी किसी पर क्रश हुआ है या फिर हर किसी को सिर्फ उन पर ही क्रश होता है? इस पर मल्लिका कहती हैं, 'सबको मेरे पे ही आता है क्रश। टॉम क्रूज को आया हुआ है आजकल। झूठ नहीं बोल रही, मेरे पास फोन होता तो वीडियो दिखाती उसके।' मल्लिका की यह बात सुनकर कुल्लू और अभिषेक मल्हान उनसे पूछते हैं

# Box Office: 450 करोड़ पर 'स्पाइडर मैन 4' की निगाहें

## ओह माय डॉग' की हालत बदतर जानें बाकी फिल्मों का हाल




Box Office Collection: इन दिनों हॉलीवुड की दो बड़ी फिल्में- मार्वल की 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' और क्रिस्टोफर नोलन की 'द ओडिसी' सिनेमाघरों में धूम मचा रही है। इन फिल्मों के बीच 2 और फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। जानिए इन सब का कलेक्शन। 'स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे' के जबरदस्त क्रेज के बीच हिंदी फिल्म 'ओह माय डॉग' और साउथ इंडियन फिल्म 'डीसी द ब्लडी वैलेंटाइन' भी रिलीज हो चुकी है। जानिए इन फिल्मों ने 'स्पाडर मैन' और 'द ओडिसी' को कलेक्शन में कितनी टक्कर दी है। साउथ इंडियन फिल्म 'डीसी द ब्लडी वैलेंटाइन' भी 'ओह माय डॉग' के साथ 7 अगस्त को रिलीज हुई है। लेकिन 'ओह माय डॉग' के मुकाबले 'डीसी द ब्लडी वैलेंटाइन' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की है। कल मंगलवार को इसने 5.40 करोड़ का कलेक्शन किया। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 32.35 करोड़ का हो गया है।

द ओडिसी' का कलेक्शन

क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'द ओडिसी' को रिलीज हुए 26 दिन हो चुके हैं, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जमी हुई है। 'द ओडिसी' ने मंगलवार को 2 करोड़ की कमाई की है। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 172.54 करोड़ का हो गया है। मार्वल मूवी 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' रिलीज के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर जोरदार कलेक्शन कर रही है। फिल्म ने कल 13वें दिन मंगलवार को 8.50 करोड़ का कलेक्शन किया। इसके साथ फिल्म का टोटल कलेक्शन 431.56 करोड़ का हो गया है। बता दें कि 'स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे' पहली ऐसी फिल्म बन गई है, जिसने भारत में 400 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया है। ओह माय डॉग' के लिए बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत ज्यादा खास नहीं रही। फिल्म की कमाई लगातार घटती जा रही है। कल मंगलवार को 5वें दिन इसने केवल 25 लाख की कमाई की।

# आजकल ये एक पैटर्न बन गया है रणवीर सिंह के


## डॉन 3 छोड़ने पर फरहान अख्तर का बड़ा बयान



Farhan Akhtar: रणवीर सिंह के 'डॉन 3' से बाहर होने के बाद बॉलीवुड में काफी विवाद हुआ था। अब फिल्म के डायरेक्टर और एक्टर फरहान अख्तर ने इस पूरे मामले पर पहली बार ऐसा बयान दिया है, जिसे रणवीर सिंह पर तंज माना जा रहा है। फरहान अख्तर और रणवीर सिंह के बीच 'डॉन 3' को लेकर विवाद अब भी चर्चा में है। इसी बीच फरहान ने एक इंटरव्यू के दौरान रणवीर का नाम लिए बिना उनके फिल्म छोड़ने को लेकर ऐसी बात कह दी, जो अब सुर्खियों में आ गया है। आजकल ये एक पैटर्न बन गया है

फरहान अख्तर हाल ही में अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म 'दिल चाहता है' के 25 साल पूरे होने के मौके पर 'द हॉलीवुड रिपोर्टर इंडिया' से बातचीत कर रहे थे। इस बीच उन्होंने रणवीर सिंह के 'डॉन 3' छोड़ने का जिक्र किया। रणवीर का नाम लिए बिना फरहान ने कहा, 'शूटिंग से एक महीने पहले फिल्म छोड़ दी... जो आजकल एक पैटर्न बन गया है।' बता दें कि रणवीर सिंह ने 'डॉन 3' की शूटिंग शुरू होने से कुछ दिन पहले फिल्म से बाहर होने का फैसला किया था। इसके बाद फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ।

# न झुकने का सिलसिला जारी रहे तमिलनाडु विधानसभा में राज्य गीत से जुड़ा प्रस्ताव पारित होने पर बोले कमल हासन



Kamal Haasan: तमिलनाडु विधानसभा में राज्य गीत को लेकर एक अहम प्रस्ताव पारित हुआ। कमल हासन ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए स्वागत किया है। जानिए वे क्या बोले? तमिलनाडु विधानसभा में राज्य गीत से जुड़ा अहम प्रस्ताव बीते दिन सोमवार को पारित किया गया। मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने प्रस्ताव पेश किया था। इस प्रस्ताव में राज्य के शिक्षण संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों में होने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत से पहले राज्य गीत 'तमिल थाई वाजथु' औपचारिक रूप से अनिवार्य करने की बात कही गई है। इसका कमल हासन ने स्वागत किया है। बीते दिन प्रस्ताव पारित होने के बाद सभी सरकारी कार्यक्रमों में तमिल एंथम अनिवार्य रूप से गाया जाएगा। इस पर अभिनेता और राज्यसभा सांसद कमल हासन ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने तमिलनाडु विधानसभा के सर्वसम्मत प्रस्ताव का स्वागत किया है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए कमल हासन ने लिखा है, 'यह खुशी और तारीफ की बात है कि विधानसभा ने एक प्रस्ताव पास किया है, जिसके तहत सरकारी कार्यक्रमों में सबसे पहले 'तमिल थाई' की वंदना गाई जाएगी। राज्य के अधिकारों पर न झुकने का यह सिलसिला जारी रहना चाहिए'।

# काम करने की कमी महसूस नहीं होती

## बैन लगाने वालों का आतिफ असलम ने किया धन्यवाद

Atif Aslam: पाकिस्तानी सिंगर आतिफ असलम की आवाज के भारत में भी लाखों फैंस हैं। हालांकि, साल 2016 के बाद से वह भारत में काम नहीं कर पाए हैं। अब सिंगर ने इस मामले पर खुलकर अपने विचार रखे हैं। जानिए उन्होंने क्या कुछ कहा। 2016 उरी आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच पाकिस्तानी कलाकारों के भारत में काम करने पर रोक लग गई थी। इंडियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (IMPPA) ने भी अपने सदस्यों से पाकिस्तानी कलाकारों और तकनीशियनों को नए प्रोजेक्ट्स में काम न देने का प्रस्ताव पास किया था। इस बैन का असर आतिफ असलम समेत कई पाकिस्तानी कलाकारों पर पड़ा। अब आतिफ ने एक यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान भारत में अपने करीब एक दशक लंबे ब्रेक के बारे




में खुलकर बात की। भारत में अपनी गैरमौजूदगी के बारे में बात करते हुए आतिफ असलम ने कहा कि उन्हें भारत में बैन हुए करीब 10 साल हो चुके हैं। उन्होंने कहा, 'यह भारत सरकार का फैसला था। उन्होंने पाकिस्तान के कलाकारों पर बैन लगाने का फैसला किया। अब पाकिस्तान में भी भारतीय कलाकारों पर बैन है। पिछले 10 साल से मैंने वहां कोई गाना नहीं किया है।' आतिफ असलम ने अपने भारतीय फैंस के लिए भी खास मैसेज दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात से दुखी होने की जरूरत नहीं है। सिंगर ने कहा, 'मैं हमेशा आपको बताना चाहता था कि मुझे आप लोगों की याद आती है। मुझे वहां काम करने की कमी महसूस नहीं होती, लेकिन मुझे आप लोगों की याद

# प्रियंका चोपड़ा से उड़ना सीखा मिस वर्ल्ड 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी निकिता पोरवाल



Nikita Porwal Interview: मिस वर्ल्ड 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहीं निकिता पोरवाल ने अमर उजाला से अपनी तैयारियों, मां के भरोसे, कविताओं के शौक, प्रियंका-ऐश्वर्या से मिली प्रेरणा और एक्टिंग के सपने पर खुलकर बात की। मिस वर्ल्ड का मंच जितना चमकदार नजर आता है, वहां तक पहुंचने का सफर उतना ही कठिन होता है। इसके पीछे महीनों की तैयारी, अनुशासन और लगातार खुद को बेहतर बनाने की चुनौती छिपी होती है। फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2024 निकिता पोरवाल इन दिनों इसी तैयारी में जुटी हैं। कभी सुबह जल्दी उठने से बचने वाली निकिता आज कई बार रात के दो बजे मेकअप शुरू करती हैं और सुबह चार बजे तक तैयार हो जाती हैं। उनका कहना है कि देश का प्रतिनिधित्व करने की जिम्मेदारी ने उनकी पूरी दिनचर्या बदल दी है। निकिता के लिए फेमिना मिस इंडिया का ताज किसी निजी उपलब्धि से कहीं बढ़कर था। वह कहती हैं, 'बहुत खुशी हुई, क्योंकि हमेशा से सपना था कि जिंदगी में कुछ ऐसा करूं, जहां मुझे भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले। जब फेमिना मिस इंडिया का ताज मेरे सिर पर सजा, तो सबसे पहला ख्याल यही आया कि अब मुझे मिस वर्ल्ड में अपने देश को रिप्रेजेंट करने का मौका मिलेगा। मेरे लिए वही सबसे बड़ा एहसास था। ताज जीतने की खुशी अपनी जगह थी, लेकिन उससे भी बड़ी खुशी यह थी कि अब दुनिया के सबसे बड़े मंच पर मैं भारत का नाम लेकर खड़ी होऊंगी।' मिस वर्ल्ड की तैयारियों को लेकर निकिता कहती हैं कि इस सफर का सबसे अहम हिस्सा लगातार एक जैसी मेहनत करते रहना है। 'देखिए, कोई जादुई चीज नहीं होती। मिस वर्ल्ड की पूरी तैयारी कंसिस्टेंसी पर टिकी होती है। हर दिन वही रूटीन... वही मेहनत... वही डेडिकेशन। एक-दो दिन नहीं, बल्कि महीनों तक। यही सबसे मुश्किल हिस्सा है।



# Aaj Ka Rashifal 12 August

## मेष और सिंह को मिलेगा भाग्य का साथ, बढ़ेंगे सफलता के योग, पढ़ें दैनिक राशिफल




**12 अगस्त 2026** का दिन सभी राशियों के लिए कुछ खास संकेत लेकर आया है। किसी को करियर में तरक्की मिलेगी तो किसी को धन और रिश्तों में लाभ हो सकता है। जानें मेष से मीन तक आज का राशिफल।

**12 अगस्त 2026** का दिन ग्रहों की स्थिति के अनुसार सभी 12 राशियों के लिए अलग-अलग परिणाम लेकर आ सकता है। आज किसी राशि के जातकों को करियर और आर्थिक मामलों में सफलता मिल सकती है, तो कुछ लोगों को महत्वपूर्ण फैसले लेते समय धैर्य रखने की सलाह दी जाती है। प्रेम, परिवार, नौकरी, व्यापार और धन के मामले में दिन कैसा रहेगा, आइए जानते हैं मेष से मीन तक 12 अगस्त 2026 का दैनिक राशिफल।

### मेष

आज का दिन मिला-जुला परिणाम देने वाला रहेगा। काम का दबाव थोड़ा अधिक महसूस हो सकता है, लेकिन आपकी जिम्मेदारी निभाने की आदत आपको हर चुनौती से बाहर निकाल लेगी। कार्यक्षेत्र में मेहनत का स्तर बढ़ेगा और आप अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए पूरी लगन से जुटे रहेंगे। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में थोड़ी देरी या रुकावट आ सकती है, इसलिए किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। खर्चों में बढ़ोतरी होगी, लेकिन साथ ही भविष्य के लिए बचत करने का विचार भी मजबूत होगा। पैसों से जुड़े किसी भी फैसले में जल्दबाजी बिल्कुल न करें, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही बड़ा नुकसान करा सकती है।

### वृषभ

आज धैर्य, संयम और समझदारी आपकी सबसे बड़ी ताकत साबित होगी। अपने काम पर पूरा ध्यान देंगे तो अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपकी मधुर वाणी लोगों का दिल जीतेगी और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में किसी छोटी बात को लेकर तनाव का माहौल बन सकता है, लेकिन आपकी सूझबूझ स्थिति को संभाल लेगी। आज किसी नई जगह जाने या बड़ा फैसला लेने की बजाय वर्तमान कामों पर ध्यान देना बेहतर रहेगा। स्वादिष्ट भोजन, परिवार का साथ और कुछ सुकून भरे पल आपके दिन को खुशनुमा बना देंगे।

### मिथुन

आज का दिन नई उम्मीदों और नए अवसरों की शुरुआत का संकेत दे रहा है। रास्ते में कुछ चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन आपकी बुद्धिमानी और सकारात्मक सोच उन्हें आसानी से पार करा देगी। विद्यार्थी नई चीजें सीखने और अपने कौशल को निखारने के लिए उत्साहित रहेंगे। पुरानी गलतियों से मिली सीख आज आपके बहुत काम आएगी। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और परिवार का माहौल खुशियों से भर जाएगा। नया काम शुरू करने का विचार अच्छा है, लेकिन सही समय और पूरी योजना के साथ ही कदम बढ़ाएं।

### कर्क

आज नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन काफी अनुकूल रहने वाला है। आत्मविश्वास बढ़ेगा और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपके संबंध पहले से बेहतर होंगे। प्रमोशन, प्रशंसा या नई जिम्मेदारी मिलने जैसी कोई अच्छी खबर आपका उत्साह बढ़ा सकती है। मामा पक्ष से आर्थिक लाभ मिलने के योग भी बन रहे हैं। हालांकि निवेश के मामलों में किसी की सलाह पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। सोच-समझकर लिया गया फैसला ही भविष्य में लाभ देगा।

### सिंह

आज आपके सामने सफलता के नए रास्ते खुल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी और नई योजनाएं सकारात्मक परिणाम देंगी। अविवाहित लोगों के जीवन में किसी खास व्यक्ति की एंट्री होने की संभावना है। किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचें, क्योंकि धैर्य ही आपकी सफलता की कुंजी रहेगा। दूर रहने वाले किसी रिश्तेदार से ऐसी खबर मिल सकती है जो थोड़ी निराश कर दे। मामा पक्ष से धन लाभ के संकेत हैं। प्रेम संबंधों में विश्वास और समझदारी बनाए रखेंगे तो रिश्ते और मजबूत होंगे।

### कन्या

आज आपका मन हल्का-फुल्का और खुशमिजाज रहेगा, लेकिन काम के प्रति लापरवाही बिल्कुल न करें। यदि पूरा ध्यान अपने दायित्वों पर लगाएंगे तो सभी कार्य समय पर पूरे होंगे। किसी अनजान व्यक्ति की बातों में आकर कोई बड़ा फैसला लेने से बचें। लंबे समय से अटका हुआ सरकारी कार्य आज पूरा होने की संभावना है। विद्यार्थियों के लिए भविष्य से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने का अच्छा समय है। आत्मविश्वास बनाए रखें और अपने लक्ष्य पर फोकस रखें।

### तुला

आज उन्नति के नए अवसर आपका इंतजार कर रहे हैं। जीवनसाथी की ओर से मिला कोई सरप्राइज या खुशखबरी आपके चेहरे पर मुस्कान ले आएगी। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें और किसी दूसरे का वाहन चलाने से बचें। अपनी पसंद और आराम की चीजों पर खर्च बढ़ सकता है। परिवार में विवाह या मांगलिक कार्य से जुड़ी खुशखबरी पूरे घर का माहौल खुशनुमा बना देगी। परिवार के साथ घूमने-फिरने की योजना भी बन सकती है।

### वृश्चिक

आज का दिन राहत और उपलब्धियों का एहसास कराएगा। कार्यक्षेत्र में किसी मुश्किल काम को पूरा करने के लिए आपको अपनी टीम या जूनियर्स का सहयोग मिलेगा और अंत में सफलता भी आपके हाथ लगेगी। संतान की संगति और गतिविधियों पर थोड़ा ध्यान देना जरूरी होगा। अनावश्यक खर्चों में कटौती करके आप अपनी आर्थिक स्थिति को और मजबूत बना सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होने से मन को सुकून मिलेगा।

### धनु

आज नई जिम्मेदारियां आपके सामने आएंगी और आप उन्हें पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगे। परिवार में प्रेम और एकता बनी रहेगी, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। दिनभर की भागदौड़ आपको थोड़ा थका सकती है, लेकिन धीरे-धीरे तनाव कम होता जाएगा। खर्च बढ़ने के बावजूद आपकी ऊर्जा और उत्साह कम नहीं होगा। जीवनसाथी का सहयोग हर कदम पर आपके साथ रहेगा और पिता की सलाह किसी महत्वपूर्ण निर्णय में आपके लिए बेहद लाभदायक साबित होगी।

### मकर

आज हर कदम सोच-समझकर उठाने की जरूरत होगी। कानूनी मामलों में कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन धैर्य और सही रणनीति से आप स्थिति को संभाल लेंगे। विद्यार्थियों को शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे कठिन विषय भी आसान लगने लगेंगे। किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय में भावनाओं के बजाय तर्क और विवेक का सहारा लें। शांत मन से लिया गया फैसला भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होगा।

### कुंभ

आज आपका आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी, पद या सम्मान मिलने के संकेत हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर प्रॉपर्टी या निवेश से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसानदायक हो सकता है, इसलिए सतर्क रहें। मन की कोई बड़ी इच्छा पूरी होने से खुशी मिलेगी। लंबे समय से रुकी हुई प्रगति की राह अब खुलती दिखाई दे रही है। सरकारी कार्यों में लापरवाही न करें।

### मीन

आज आपको हर काम में संतुलन और धैर्य बनाए रखने की जरूरत होगी। आय के अच्छे अवसर मिलेंगे, लेकिन खर्च भी उसी गति से बढ़ सकते हैं, इसलिए बजट पर ध्यान दें। पिता के स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें और समय-समय पर उनकी देखभाल करें। विरोधियों की बातों या अफवाहों पर ध्यान देने की बजाय अपने लक्ष्य पर फोकस रखें। समझदारी और शांत स्वभाव से लिए गए फैसले दिन को आपके पक्ष में मोड़ देंगे और धीरे-धीरे सभी परेशानियां दूर होती नजर आएंगी।

# Aaj Ka Love Rashifal

## मेष और तुला राशि को मिलेगा प्यार का साथ, दूर होंगी गलतफहमियां




**Love Horoscope Today in Hindi**: 12 अगस्त 2026 का दिन प्रेम और रिश्तों के लिहाज से कैसा रहेगा? ग्रहों की स्थिति का असर आपके प्रेम जीवन पर पड़ सकता है। जानें मेष से मीन तक सभी राशियों का आज का लव राशिफल और किसके रिश्ते में बढ़ेगा प्यार।

**Love Horoscope 12 August in Hindi**: 12 अगस्त 2026 का लव राशिफल चंद्र राशि के आधार पर प्रेम और रिश्तों से जुड़े संभावित संकेतों को दर्शाता है। आज प्रेमी-प्रेमिका के बीच बातचीत कैसी रहेगी, रिश्ते में नजदीकियां बढ़ेंगी या किसी बात को लेकर मनमुटाव हो सकता है, इन सभी पहलुओं के बारे में ज्योतिषीय संकेत मिल सकते हैं। शादीशुदा लोगों के लिए भी आज का दिन जीवनसाथी के साथ तालमेल, संवाद और रिश्ते की मधुरता के लिहाज से महत्वपूर्ण रह सकता है। आइए जानते हैं 12 अगस्त 2026 को मेष से मीन तक सभी राशियों का दैनिक लव राशिफल और प्रेम जीवन के मामले में आपका आज का दिन कैसा रहने वाला है।

# Aaj Ka Ank Jyotish

## मूलांक 1 और 6 को मिलेगा भाग्य का साथ, धन लाभ के बनेंगे योग, पढ़ें दैनिक अंक ज्योतिष




**12 August Numerology Prediction**: 12 अगस्त 2026 का अंक ज्योतिष आपके लिए कैसा रहेगा? मूलांक के आधार पर आज करियर, धन, कारोबार और रिश्तों से जुड़े मामलों में क्या बदलाव आ सकते हैं, जानें आज का अंक भविष्यफल और अपना शुभ अंक।

**Ank Jyotish 12 August**: अंक ज्योतिष के अनुसार 12 अगस्त 2026 का दिन संतुलन, व्यावहारिक सोच और नई संभावनाओं की ओर बढ़ने का संकेत दे सकता है। आज की तारीख का योग 1+2+0+8+2+0+2+6 = 21, और 2+1 = 3 होता है, इसलिए आज का भाग्यांक 3 रहेगा। अंक 3 का संबंध गुरु ग्रह से माना जाता है, जो ज्ञान, विस्तार, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच का प्रतीक है। ऐसे में आज शिक्षा, करियर, रचनात्मक कार्यों और महत्वपूर्ण निर्णयों में सफलता के नए रास्ते खुल सकते हैं। आइए जानते हैं अंक ज्योतिष के अनुसार 12 अगस्त 2026 का दिन मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए कैसा रहने वाला है।


## इस सप्ताह इन राशि वालों को होगा मुनाफा, धन लाभ और सफलता के बनेंगे योग




**Weekly Horoscope (10-16 Aug 2026)**: सावन सोमवार के शुभ संयोग में अगस्त का नया सप्ताह प्रारंभ हो गया है। इस हफ्ते ग्रहों की विशेष कृपा से कुछ राशि वालों को लाभ संभव है। जातकों को सफलता, व्यापार और निवेश में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

**Weekly Lucky Horoscope (10-16 Aug 2026)**: अगस्त का नया सप्ताह बेहद खास रहने वाला है। इस हफ्ते ग्रहों का संयोग कुछ राशि वालों के लिए सफलता के नए रास्ते लेकर आया है। इन राशि के जातकों को इस दौरान विशेष लाभ मिलने के योग बन रहे हैं।

## Surya Grahan 2026: 12 अगस्त को लगेगा सूर्य ग्रहण, इन 3 राशि वालों पर पड़ेगा भारी



**Surya Grahan 2026 On 12 August**: सूर्य ग्रहण के प्रभाव से कुछ राशि वालों को कार्यों में बाधाएं, मानसिक तनाव और अतिरिक्त मेहनत का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों के लिए यह ग्रहण चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। सूर्य ग्रहण 12 अगस्त 2026 को लगेगा। इसका समय रात 9 बजकर 04 मिनट से लेकर 13 अगस्त की सुबह 4:25 तक माना जा रहा है। यह साल का आखिरी सूर्य ग्रहण होगा, परंतु इसे भारत में देखा नहीं जाएगा।चूंकि यह भारत में प्रभावी नहीं होगा, इसलिए इसका सूतक काल और नियमों का पालन भी नहीं किया जाएगा। फिर भी ज्योतिष की दृष्टि से यह ग्रहण बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है,ऐसे में ग्रहण का असर कर्क सहित कुछ राशियों के लिए परेशानियां लेकर आ सकता है और जातकों को काम व यात्रा को लेकर विशेषतौर पर सावधानी बरतने

# गुजरात में लौटना चाहते थे हार्दिक?:

## पर GT ने बंद किए वापसी के सभी रास्ते पांड्या ने ऐसी क्या रखी दी थी मांग?




हार्दिक पांड्या की गुजरात टाइटंस में वापसी की कोशिश उनकी कप्तानी की मांग के कारण आगे नहीं बढ़ सकी। रिपोर्ट के मुताबिक, गुजरात और पांड्या दोनों वापसी के विचार के लिए तैयार थे, लेकिन पांड्या ने कप्तानी को शर्त बनाया। फ्रेंचाइजी ने मौजूदा कप्तान शुभमन गिल से भी इस बारे में बात की थी, लेकिन अंततः डील पर सहमति नहीं बनी। हार्दिक पांड्या का मुंबई इंडियंस के साथ भविष्य एक बार फिर सवालों के घेरे में है। इसी बीच खबर है कि भारतीय ऑलराउंडर ने अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस में लौटने की कोशिश की थी। गुजरात भी उनकी वापसी के विचार के खिलाफ नहीं था, लेकिन कप्तानी को लेकर रखी गई पांड्या की मांग ने पूरी बातचीत को खत्म कर दिया। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, हार्दिक पांड्या ने अपनी पूर्व फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस के साथ वापसी को लेकर बातचीत की थी। पांड्या और गुजरात, दोनों ही इस संभावना के लिए तैयार थे। इसके पीछे एक बड़ी वजह यह भी थी कि पांड्या ने गुजरात टाइटंस को 2022 में उसके पहले ही सीजन में आईपीएल चैंपियन बनाया था। हालांकि, वापसी के लिए पांड्या की एक अहम शर्त थी। वह चाहते थे कि गुजरात टाइटंस में लौटने के साथ उन्हें दोबारा टीम की कप्तानी भी सौंपी जाए। हार्दिक की गुजरात में वापसी की कोशिश ऐसे समय में सामने आई है, जब मुंबई इंडियंस में उनके भविष्य को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का 2026 आईपीएल सीजन निराशाजनक रहा। टीम ने 14 में से सिर्फ चार मैच जीते और अंक तालिका में नौवें स्थान पर रही। पांड्या का मुंबई के प्रशंसकों के साथ रिश्ता भी उतार-चढ़ाव भरा रहा है। उन्होंने 2021 सीजन के बाद मुंबई का साथ छोड़ा था और 2024 में टीम में वापसी की। वापसी के बाद उन्हें रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मुंबई इंडियंस का टीम मैनेजमेंट पांड्या को कप्तान के तौर पर बनाए रखने को लेकर उत्सुक नहीं था।

# Indian Team Most Funny Player:

## कौन था टीम इंडिया का सबसे मजेदार खिलाड़ी?




मोहम्मद शमी ने शिखर धवन को टीम इंडिया का सबसे मजेदार खिलाड़ी बताते हुए उनके ड्रेसिंग रूम के कई दिलचस्प किस्से साझा किए। शमी ने बताया कि हार के बाद भी धवन माहौल को खुशनुमा रखने के लिए हंसते और पंजाबी गानों पर टेबल पर डांस करने लगते थे। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने टीम इंडिया के अपने पुराने साथी शिखर धवन को सबसे मजेदार खिलाड़ियों में से एक बताया है। शमी और धवन ने करीब एक दशक तक भारतीय टीम में साथ क्रिकेट खेला। जहां धवन ने तीनों प्रारूपों में बतौर सलामी बल्लेबाज अपनी सेवाएं दीं, वहीं शमी भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करते रहे। क्रिकेटनेक्स्टऑफिशियल को दिए इंटरव्यू में जब शमी से टीम इंडिया के सबसे मजेदार खिलाड़ी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बिना देर किए शिखर धवन का नाम लिया। शमी ने धवन की मस्ती से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा भी साझा किया।

**हार के बाद भी माहौल खुशनुमा रखते थे धवन**

शमी ने बताया कि धवन मैच हारने के बाद भी ड्रेसिंग रूम का माहौल हल्का-फुल्का बनाए रखते थे। उन्होंने कहा कि कभी-कभी टीम के मैच हारने के बाद सभी खिलाड़ी चेंजिंग रूम में शांत बैठे होते थे, लेकिन धवन कुछ अलग करने की कोशिश करते थे और जोर-जोर से हंसने लगते थे। शमी ने कहा, 'शिखर बहुत मजेदार हैं। वह ऐसी चीजें करते रहते हैं। मान लीजिए हम कोई मैच हार गए और सभी चेंजिंग रूम में आकर बैठे हैं। शिखर कुछ अलग करना चाहते हैं। वह बस जोर से हंसने लगेंगे। अगर मैं पूछूं कि क्यों हंस रहे हो, तो वह कहेंगे- क्योंकि हम हार गए।' तेज गेंदबाज ने आगे बताया कि धवन कभी-कभी टेबल पर खड़े होकर पंजाबी गानों पर डांस भी करने लगते थे। शमी के मुताबिक, धवन की ऐसी हरकतें ड्रेसिंग रूम में सकारात्मक माहौल बनाने में मदद करती थीं।

# बांग्लादेश में हालात तनावपूर्ण

## पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के घर पर हमला खिड़कियों के शीशे तोड़े गए



बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के मगुरा स्थित घर पर अज्ञात लोगों ने ईंट-पत्थर फेंककर हमला किया और गेट में आग लगाने की कोशिश की। यह घटना शेख हसीना के ऑनलाइन कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी के कुछ घंटे बाद हुई, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के मगुरा स्थित घर पर बुधवार शाम अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने घर पर ईंट-पत्थर फेंके, जिससे खिड़कियों के शीशे टूट गए। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल बेहद तनावपूर्ण बना हुआ है। स्थानीय अखबार प्रोथोम आलो की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला रात करीब 8:45 बजे मगुरा शहर के केशब मोड़ इलाके में स्थित शाकिब के आवास पर हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई। हालांकि, घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

**लोहे के गेट में लगाई आग, जांच शुरू** मगुरा सदर थाने के प्रभारी अब्दुल्ला अल मामून ने बताया कि हमले में घर की कई खिड़कियों के शीशे टूट गए। शुरुआती जांच में पता चला है कि घर के लोहे के गेट पर पेट्रोल डालकर आग लगाने की कोशिश की गई थी। हालांकि, पुलिस को पेट्रोल बम के इस्तेमाल के कोई सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन खबर लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।बांग्लादेश के महानतम ऑलराउंडरों में गिने जाने वाले शाकिब अल हसन लंबे समय से अपनी राजनीतिक पहचान को लेकर भी चर्चा में रहे हैं। वह 2024 के आम चुनाव में अवामी लीग के उम्मीदवार के रूप में मगुरा-1 सीट से सांसद चुने गए थे। हालांकि, विपक्षी दलों और आलोचकों ने उस चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठाए थे।

# PCB की कार्रवाई: पाकिस्तानी क्रिकेटर हमजा नजर पर

## दो साल का प्रतिबंध वीजा मामले में गलत जानकारी देने का आरोप



पाकिस्तानी क्रिकेटर हमजा नजर पर वीजा आवेदन में गलत जानकारी देने और महत्वपूर्ण तथ्य छिपाने के मामले में पीसीबी ने दो साल का प्रतिबंध लगाया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने क्रिकेटर हमजा नजर पर प्रोटोकॉल के उल्लंघन के मामले में दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है। 27 वर्षीय नजर को वीजा आवेदन के दौरान पूरी और सही जानकारी नहीं देने, भ्रामक विवरण साझा करने तथा महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाने का दोषी पाया गया। उन पर 10 लाख पाकिस्तानी रुपये (लगभग 3.42 लाख रुपये) का जुर्माना भी लगाया गया है। पीसीबी ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। नजर को समिति के सामने अपना पक्ष रखने और आरोपों पर सफाई देने का पूरा अवसर दिया गया। उनके बचाव को सुनने के बाद समिति ने मामले से जुड़े सभी पहलुओं पर विचार किया और अपनी रिपोर्ट तथा सिफारिशें बोर्ड को सौंप दीं। इसके बाद पीसीबी ने नजर को सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधियों से दो साल के लिए प्रतिबंधित करने का फैसला किया। साथ ही उन पर 10 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया गया। पीसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, 'गलत जानकारी देना, तथ्यों का प्रशंसकों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं देगा, जो इस खेल को पसंद करते हैं।

हाल में सीनियर टीम के कैंप में हुए थे शामिल

हमजा नजर के लिए यह कार्रवाई इसलिए भी अहम है क्योंकि पिछले महीने ही उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज की तैयारियों के लिए लाहौर में लगाए गए पाकिस्तान के रेड-बॉल ट्रेनिंग कैंप में शामिल किया गया था। नजर ने इस साल की शुरुआत में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की थी। उन्होंने प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी में घनी ग्लास की ओर से खान रिसर्च लेबोरेटरीज के खिलाफ मैच खेला था। नजर ने 2014 में सियालकोट स्टैलियंस के लिए बहावलपुर स्टैग्स के खिलाफ कायदे-आजम ट्रॉफी सिल्वर लीग मुकाबले से पेशेवर क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने अब तक 16 प्रथम श्रेणी, 15 लिस्ट-ए और 10 टी20 मुकाबले खेले हैं। कुल 41 घरेलू मैचों में नजर के नाम 1005 रन और 47 विकेट दर्ज हैं। प्रतिबंध के कारण अब उन्हें अगले दो वर्षों तक पाकिस्तान की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधियों से दूर रहना होगा।

# ODI WC: वेस्टइंडीज पर फिर मंडराया विश्व कप क्वालिफायर का खतरा लगातार तीसरी बार टूटा सीधा क्वालिफिकेशन का सपना



वेस्टइंडीज 2027 वनडे विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की दौड़ से लगभग बाहर हो गया है और उसे अब क्वालिफायर खेलना पड़ सकता है। अफगानिस्तान की आयरलैंड पर जीत ने उसकी स्थिति और मुश्किल कर दी है, जिससे लगातार तीसरे विश्व कप चक्र में टीम के सीधे क्वालिफिकेशन पर संकट खड़ा हो गया है। वेस्टइंडीज एक बार फिर वनडे विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने से चूक गया है। दो बार की विश्व चैंपियन टीम अब 2027 वनडे विश्व कप में जगह बनाने के लिए क्वालिफायर के रास्ते पर जाने की कगार पर है। लगातार तीसरे विश्व कप चक्र में वेस्टइंडीज को सीधे क्वालिफिकेशन की दौड़ से बाहर होना पड़ा है, जो 50 ओवर के क्रिकेट में टीम के लगातार गिरते प्रदर्शन को दर्शाता है। वेस्टइंडीज की मुश्किलें अफगानिस्तान की आयरलैंड के खिलाफ मौजूदा पांच मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में जीत के बाद और बढ़ गईं। अफगानिस्तान की इस जीत ने सीधे क्वालिफिकेशन की दौड़ में उसकी स्थिति मजबूत कर दी और वेस्टइंडीज के लिए शीर्ष आठ में पहुंचने का बचा हुआ एक रास्ता भी लगभग बंद हो गया। 2027 वनडे विश्व कप की मेजबानी दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के साथ नामीबिया करेगा, और सह-मेजबान होने के कारण दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे को सीधे प्रवेश मिलेगा। इनके अलावा आठ टीमों को आईसीसी वनडे रैंकिंग के आधार पर सीधे विश्व कप में जगह मिलेगी। सीधे क्वालिफिकेशन के लिए रैंकिंग की कटऑफ तारीख 30 सितंबर 2026 है।

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**
**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**
**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक निर्भय कुमार सेंगर के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन, विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास, रामघाट रोड, अलीगढ़ (उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776 @gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













